## Chapter 4 Segment 1
## Movie: डॉक्टर मरीज़

### Objectives

**At the end of this conversation**

a. Students will learn how to express about daily routine in details
b. Explain their health issues
c. Show opinion and give suggestions
d. Narrate and describe in major time frames
e. Use of idioms and expressions
f. Use of advanced grammatical constructions

**Activity 1: Watch and Listen**
**Instruction:** Watch and listen to the following conversation and sub-vocalize it. Vocab list is given below.
YouTube video:
https://www.youtube.com/watch?v=JZ6ZCKpCGFE&index=1&list=PLveLz7FIFiWsz8cgCmMn1TiVM9fvjWdzF

**Time:** .50 - 2:23

**डाक्टर:** उसमान भाई, कैसे हैं आप ?
**मरीज़:** डाक्टर साहब, क्या बताऊँ, मेरी तबीयत बहुत ख़राब है ?
**डाक्टर:** क्यों क्या हुआ है ?
**मरीज़:** क्या बताऊँ ! नज़ला, ज़ुकाम, बुख़ार, खाँसी इन सबने तो मेरी जान खाई हुई है ।
**डाक्टर:** देखो उसमान, नज़ले और ज़ुकाम की तो आजकल वबा फैली हुई है । ये मैं कुछ दवाइयाँ आपको लिख कर दे रहा हूँ । उम्मीद है कि दो से तीन दिन के अन्दर आप बिलकुल ठीक हो जायेंगे । थोड़ा सा खाने-पीने का ध्यान रखिये । जैसे पानी, जूस, सूप वगैरह ज़्यादा पीजिये । और क्या परेशानी है आपको?
**मरीज़:** डाक्टर साहब, पिछले कुछ महीनों से मेरी कमर में ज़बरदस्त दर्द हो रहा है । मैंने इसकी वजह इंटरनेट पर ढूँढने की बहुत कोशिश की लेकिन मुझे कुछ समझ नहीं आयी ।
**डाक्टर:** कमर की किस हिस्से में दर्द होता है ?
**मरीज़:** बिलकुल रीढ़ की हड्डियों में ।

**डाक्टर:** पूरी कमर में दर्द होता है या किसी ख़ास हिस्से में ?
**मरीज़:** डाक्टर साहिब, मेरी पूरी कमर में  बहुत तक़लीफ़ होती है ।
**डाक्टर:** उसमान आपकी शेडयूल कैसी है ?
**मरीज़:** डाक्टर साहिब, मेरा शेडयूल तो बहुत ही मसरूफ़ होता है । मेरी सुबह से श्याम तक क्लासिज़ होती हैं । मेरी बीच में तीन घंटे की लेब भी होती है । तीन घंटे कमप्यूटर पर बैठकर काम करना होता है ।

## Vocabulary List 1

| Hindi | English |
|---|---|
| उसमान भाई | **Brother Usman (name)** |
| डाक्टर साहिब | **Doctor sahib** |
| क्या बताऊँ | **What should I say** |
| मेरी तबीयत | My health |
| बहुत ख़राब | Very bad |
| क्या हुआ? | What happened? |
| नज़ला | Nasal congestion, cold |
| ज़ुकाम | Cold |
| बुख़ार | Fever |
| खाँसी | Cough |
| मेरी जान | My life |
| मेरी जान खाई हुई है | My life is lost |
| वबा (महामारी) फैली हुई | Epidemic is spreading |
| कुछ दवाइयाँ | Some medicine |
| लिख कर दे | Give it written |
| उम्मीद है | Wish |
| कि | That |

| | |
|---|---|
| दो से तीन दिन | Two to three days |
| के अन्दर | Within |
| बिलकुल | Completely |
| ठीक हो जायेंगे | Will be fine |
| खाने-पीने का ध्यान | Consciousness of food |
| ध्यान रखिये | Be careful |
| क्या परेशानी है? | What is the problem? |
| पिछले कुछ महीनों से | From the last few months |
| मेरी कमर में | In my waist |
| ज़बरदस्त दर्द | Tremendous pain |
| दर्द हो रहा है | Paining |
| इसकी वजह | Its reason |
| इंटरनेट पर | In internet |
| ढूँढने की बहुत कोशिश | Lot of effort to find |
| समझ नहीं आयी | Did not understand |
| किस हिस्से में | Which part |
| रीढ़ की हड्डियों में | Spinal cord |
| किसी ख़ास हिस्से में | In a certain part |
| बहुत तक़लीफ़ | A lot of trouble |
| शेडयूल | Schedule |
| मसरूफ़/व्यस्त | Busy |
| सुबह से श्याम तक | Morning till evening |
| बीच में | In between |
| तीन घंटे की लेब | Lab for three hours |
| बैठकर | By sitting |
| काम करना होता है | Have to work |

**Activity 2: Circle the Correct Answer**
**Instruction:** Listen to the following questions regarding Usman and Doctor’s conversation and circle the correct answers.



१- उसमान की तबीयत (स्वास्थ्य) कैसी है ?
(क) उसमान की तबीयत (स्वास्थ्य) बहुत अच्छी है ।
(ख) उसमान की तबीयत ठीक-ठाक है लेकिन बीच-बीच में ख़राब रहती है ।
(ग) उसमान की तबीयत बहुत खराब है ।

२- जब डाक्टर ने उसमान को पूछा कि उसे क्या हुआ है तो उसका जवाब कैसा था ?
(क) क्या बताऊं, सर्दी और पेट दर्द ने तो महीनों से मेरी जान खा ली है ।
(ख) क्या बताऊं, नज़ला, ज़ुकाम, बुख़ार, खाँसी इन सबने तो मेरी जान खाई हुई है ।
(ग) क्या बताऊं, नज़ला, ज़ुकाम इन सबने तो मेरी जान खाई हुई है ।

३- डाक्टर के अनुसार आजकल हवा में किस चीज़ की वबा (महामारी) फैली हुई है ?
(क) डाक्टर के अनुसार सर्दी-खांसी की तो वबा फैली हुई है ।
(ख) डाक्टर के अनुसार पेट दर्द, दस्त की तो वबा फैली हुई है ।
(ग) डाक्टर के अनुसार नज़ले और ज़ुकाम की तो आजकल वबा फैली हुई है ।

४- उसमान के मुंह से जैसे ही डाक्टर ने सुना कि उसे नज़ला, ज़ुकाम, बुख़ार, खाँसी की बीमारी है तो डाक्टर ने तुरंत क्या किया ?
(क) उसमान से सुनने के बाद डाक्टर ने तुरंत उसे अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी ।
(ख) डाक्टर ने सिर्फ कुछ दवाइयाँ उसको लिख कर दे दिया ।
(ग) डाक्टर ने कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं, दो-तीन दिनों में यह

बीमारी खत्म हो जायेगी ।

५- डाक्टर ने कैसी उम्मीद जताई कि उसमान को कब तक ठीक होने की सम्भावना है ?
(क) डाक्टर को उम्मीद है कि दो से तीन दिन के अन्दर उसमान बिलकुल ठीक हो जायेगा ।
(ख) डाक्टर को उम्मीद है कि उसमान की तबीयत बिलकुल ठीक है ।
(ग) डाक्टर को उम्मीद है कि बिना दवाई लेते ही उसमान ठीक हो जायेगा ।

६- उसमान की बिगड़ी हुई तबीयत ठीक करने के लिये डाक्टर ने कैसी सलाह दी ?
(क) डाक्टर ने सलाह दी कि उसमान को थोड़ा सा खाने-पीने का ध्यान रखना चाहिये ।
(ख) डाक्टर ने सलाह दी कि उसमान को थोड़ा सा खाने-पीने के साथ सेहत का ध्यान रखना चाहिये ।
(ग) डाक्टर ने सलाह दी कि उसमान को खाने-पीने का ध्यान रखने के साथ-साथ पानी, जूस, सूप वगैरह ज़्यादा पीना चाहिये ।

७- उसमान डाक्टर को किस दर्द के बारे में बता रहा था ?
(क) पिछले कुछ हफ्तों से उसमान की पीठ में ज़बरदस्त दर्द हो रहा है ।
(ख) पिछले कुछ महीनों से उसमान की कमर में ज़बरदस्त दर्द हो रहा है ।
(ग) पिछले कुछ महीनों से उसमान को हाथों में दर्द हो रहा है ।

८- उसमान ने अपने दर्द की वजह जानने के लिये क्या किया ?
(क) दर्द की वजह इंटरनेट पर ढूँढने की बहुत कोशिश की और कामयाब भी हुआ ।
(ख) दर्द की वजह इंटरनेट पर ढूँढने की बहुत कोशिश की लेकिन नाकाम रहा ।
(ग) दर्द की वजह इंटरनेट पर ढूँढने की बहुत कोशिश की लेकिन आत्मसंतुष्टि नहीं मिली ।

९- उसमान ने शरीर के किन हिस्सों में दर्द के अनुभव का आभास दिया?
(क) उसमान ने व्यक्त किया कि कमर के नीचले हिस्से की दाई तरफ़ दर्द होता है ।
(ख) उसमान ने व्यक्त किया कि बिलकुल रीड़ की हड्डियों में दर्द होता है ।
(ग) उसमान ने व्यक्त किया कि बिलकुल रीड़ की हड्डियों में भयंकर दर्द होता है ।

१०- उसमान भाई अपने दर्द के लिये शरीर के किस हिस्से की तरफ विशेष रूप से संकेत कर रहा था ?
(क) उसमान भाई विशेष रूप से पूरी कमर की तरफ़ संकेत कर रहा था ।
(ख) उसमान भाई विशेष रूप से रीढ़ की हड्डियों की तरफ़ संकेत कर रहा था ।
(ग) उसमान भाई विशेष रूप से पूरी कमर की तरफ़ संकेत कर रहा था ।

११- उसमान की शेडयूल कैसी है ?
(क) उसमान की शेडयूल बहुत व्यस्त तो नहीं कह सकते लेकिन कभी-कभार व्यस्त रहना पड़ता है ।
(ख) उसमान की शेडयूल तो बहुत ही मसरूफ़ (व्यस्तता पूर्ण) होता है ।
(ग) अगर क्लासिज़ बगैरह होती है तो उसमान की शेडयूल बहुत मसरूफ रहता है ।

१२- उसमान ने अपनी व्यस्तता पूर्ण जीवन के बारे में किस तरह बताया है ?
(क) सुबह से श्याम तक क्लासिज़ के कारण वह व्यस्त रहता है और घर का काम भी उसके बगैर बिलकुल नहीं हो पाता ।
(ख) सुबह से श्याम तक क्लासिज़ के साथ-साथ तीन घंटे की लेब जिसमें उसे कंप्यूटर पर बैठकर काम करना होता है ।
(ग) कालेज की क्लासिज़ काफी कठिन होने के कारण उसे ज्यादा समय लगाना पड़ रहा है । शाम को कंप्यूटर दुकान में नौकरी जो करनी है ।

**<u>Activity 3:</u> Comprehension Questions**
**<u>Instruction:</u>** Listen to the following comprehension questions and give the answers in complete Hindi sentences by using the past time frames.



| | |
|---|---|
| १ | प्रारम्भ में डाक्टर साहब ने उसमान को क्या पूछा ? |
| २ | डाक्टर साहब को उसमान ने अपनी तबीयत के बारे में क्या बताया ? |
| ३ | डाक्टर के अनुसार उसमान की बीमारियों की वजह कुछ ख़ास है ? |
| ४ | डाक्टर साहब ने उसमान को अपनी बिमारियों से बचने का उपाय क्या बताया था ? |
| ५ | डाक्टर साहब ने उसमान को कैसा सलाह-मशवरा दिया ? |
| ६ | डाक्टर साहब के पूछने पर उसमान ने अपनी दूसरी परेशानियों के बारे में क्या बताया था ? |
| ७ | जैसे ही उसमान को कमर में दर्द महसूस हुआ तो सबसे पहले उसने क्या किया था ? |
| ८ | उसमान ने अपने कमर के दर्द से राहत/आराम पाने के लिये कैसा उपाय अपनाया था और क्या उसको आराम मिल पाया ? |
| ९ | उसमान को किस प्रकार के दर्द से गुज़रना पड़ रहा था और ख़ास कर शरीर के किन किन हिस्सों में दर्द फैल गया था ? |
| १० | जब डाक्टर ने उसमान को उसके दैनिक शेडयूल के बारे में पूछा तो उसने शेडयूल का ब्योरा किस तरह दिया ? |

**<u>Activity 4:</u> True or False**
**<u>Instruction:</u> Listen to the following statements and check off the correct ones.**



| | |
|---|---|
| | नज़ला, ज़ुकाम, बुख़ार और खाँसी ने उसमान की जान खा ली है। |
| | आजकल लेकिन नज़ले और ज़ुकाम की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। |
| | नज़ले और ज़ुकाम की तो आजकल वबा फैली हुई है। |
| | डाक्टर उसमान को दवाई दिये बगैर घर भेज देते हैं। |
| | डाक्टर को उम्मीद है कि दो से तीन दिन के अन्दर उसमान बिलकुल ठीक हो जायेगा। |
| | ऐसी बिमारियों से बचने के लिये खाने-पीने के ध्यान के साथ-साथ पानी, जूस, सूप वगैरह ज़्यादा पीना चाहिये। |
| | पिछले कुछ महीनों से उसमान की पीठ में ज़बरदस्त दर्द हो रहा है। |
| | उसमान ने बिमारी की वजह इंटरनेट पर ढूँढने की कोशिश नहीं की लेकिन अपने दोस्तों से काफी सलाह मशवरा कर लिया। |
| | उसमान को बिलकुल रीड़ की हड्डियों में दर्द महसूस होता है। |
| | उसमान का शेडयूल तो बहुत ही मसरूफ़ होता है। उसकी सुबह से श्याम तक क्लासिज़ होती हैं। |
| | क्लासिज़ के बीच में उसे तीन घंटे की लेब की नौकरी भी करनी पड़ती है जिसमें वह लगातार तीन घंटे कम्प्यूटर पर बैठकर काम करता है। |